तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

04 श्रीराम मंदिर में हनुमान का चालीसा किया सामूहिक पाठ व भव्य ...



02 पीएम आवास का सपना पूरा करने 94 हजार ...



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका आज से दो दिनी बेमेतरा प्रवास पर

**बेमेतरा।** प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका 19 एवं 20 जून बेमेतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस अवसर पर वे



जिला प्रशासन के अधिकारियों से भेंट करेंगे ओर ग्राम टेमरी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार, राज्यपाल श्री डेका 19 जून अपराह्न 3:30 बजे राजभवन रायपुर से प्रस्थान कर शाम 4:45 बजे सर्किट हाउस बेमेतरा पहुँचेंगे। यहाँ उनका आगमन और विश्राम निर्धारित है। इसके उपरांत शाम 5:00 बजे वे जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस करेंगे । अगले दिन, 20 जून प्रातः 10:00 बजे वे सड़क मार्ग से ग्राम टेमरी के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 11:00 बजे ग्राम टेमरी में आगमन उपरांत वृक्षारोपण करेंगे एवं प्रमुख नागरिकों के साथ बैठक में शामिल होंगे। वह दोपहर 12:45 बजे वे राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### हथियार लेकर घूमने वाले तीन गिरफ्त में

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोलिहापुरी सतनामी पारा जैत खाम के पास वीरेंद्र मरकाम नामक युवक चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा था। घेरबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। राजा मरकाम, संजय मरकाम को भी पुलिस ने धारदार स्टील चाकू के साथ पकड़ा है।

### कपड़ा दुकान से चोरी युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** कपड़ा दुकान से चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि मरोदा सेक्टर नेवई निवासी केशव राम का बेटा दुकान बंद कर घर निकल 14 मई की रात को घर निकल गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान में पहुंचने पर दुकान का ताला खोलने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने छत खोलकर कपडा दुकान में चोरी किया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने सीसी कैमरे में फुटेज मिलने पर स्टेशन मरोदा निवासी संदेही करण बिरूली को पकड़ा गया। युवक ने पुलिस को बताया कि इस दुकान में कुछ दिन पहले कपडा खरीदने गया था। तभी दुकान में चोरी का प्लान बनाना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने सामान जब्त किया। पीड़ित के दुकान से 55 हजार रुपए का सामान पार हुआ था। कार्रवाई में नेवई टीआई आनंद शुक्ला समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### दुकान में चोरी करने वाला और खरीदार गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अमलेश्वर खुडमुड़ा रोड़ स्थित जयश्री मोबाईल दुकान में अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। अमलेश्वर व एसीसीयू टीम आरोपी की तलाश में लगी रही। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला पर मुखबिर ने जानकारी दी कि चिरपिरा भाठागांव टाइल्स मजदूर प्रेम साहू संदिग्ध लग रहा है। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रात में मोबाईल दुकान का ताला सरिया से तोड़कर शटर खोलकर चोरी करना स्वीकार किया। सीसीटीवी कैमरा में फोटो ना आए इसलिए आरोपी ने कैमरा के सामने साईन बोर्ड़ रख दिया था। आरोपी की निशादेही पर 14 मोाबईल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है।

# नांदघाट, चंदनू व चौकी मारो थाने का आईजी गर्ग ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने मंगलवार को बेमेतरा जिले के थाना नांदघाट, चंदनू और चौकी मारो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदीगृह, महिला डेस्क, विवेचक कक्ष, मालखाना, सीसीटीएनएस रूम सहित संपूर्ण थाना परिसर का जायजा लिया।

आईजीपी ने पुलिस कस्टडी में आरोपियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। साथ ही, हथकड़ी लगाने की प्रक्रिया को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि नए लागू तीन आपराधिक कानूनों नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने मामलों का त्वरित निपटारा कर 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**स्मार्ट पुलिसिंग पर जोरः** आईजीपी गर्ग ने सायबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन ऐप और सशक्त ऐप के प्रभावी उपयोग की बात कही। साथ ही, साइबर क्राइम, ऑनलाइन वित्तीय ठगी, सोशल मीडिया अपराधों से आम नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

## आईजीपी दुर्ग रेंज ने पुलिसिंग को लेकर दिए सख्त निर्देश

### कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा

आईजीपी ने थाना प्रभारियों को गांव-गांव भ्रमण कर आमजन से संवाद बढ़ाने और कम्यूनिटी पुलिसिंग को सशक्त करने पर बल दिया। उन्होंने "ऑपरेशन तलाश" के तहत गुमशुदा महिला-पुरुषों की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।



### अवैध गतिविधियों पर सख्ती

उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं जैसी गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने को कहा। लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान और शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के लिए थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए। **आईजीपी के साथ निरीक्षण में :** निरीक्षण के दौरान एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू, एएसपी ज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की, थाना नांदघाट प्रभारी भुनेश्वर यादव, थाना चंदनू प्रभारी राजेन्द्र कश्यप, चौकी मारो प्रभारी जितेन्द्र कश्यप, पुलिस स्टाफ सहित दुर्ग रेंज से प्रशांत शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मौके वारदात पर पहुंचे आईजी, किया निरीक्षण जल्द गिरफ्तारी के दिए निर्देश

# सोनपुरी हत्याकांड का 4 माह बाद भी सुराग नहीं आईजी ने ग्रामीण और परिजनों से की मुलाकात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

ग्राम सोनपुरी में 11 वर्षीय मासूम बालिका की नृशंस हत्या को चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन मुख्य आरोपी सोहन राजपूत अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। समाज में आक्रोश लगातार गहराता जा रहा है। इस बीच मंगलवार को दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने गांव पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और मृतिका के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई। आईजी गर्ग ने परिवार को भरोसा दिलाया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने चौकी संबलपुर में राजपत्रित अधिकारियों और विशेष जांच दल के साथ बैठक कर गिरफ्तारी को लेकर सख्त निर्देश दिए।

- राजपत्रित अधिकारियों और विशेष जांच दल की गिरफ्तारी के लिए रणनीति पर चर्चा

### फरार आरोपी पर इनाम राशि 30 हजार तक बढ़ाई

हत्या की वारदात 4 माह पहले हुई थी। मृतिका के पिता अजय राजपूत ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ खेत से लौट रहे थे, तभी उनकी बेटी रास्ते में अचानक लापता हो गई। कुछ देर बाद उसका शव पास के ही एक खेत में मिला। पुलिस जांच में सोहन राजपूत (उम्र 30) का नाम सामने आया, लेकिन वह तब से फरार है। पहले पुलिस ने उस पर 5000 रुपए का इनाम घोषित किया था, जिसे अब बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दिया गया है।

### हर हाल में होगी गिरफ्तारी

मंगलवार को बेमेतरा पहुंचे आईजी रामगोपाल गर्ग को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे ग्राम सोनपुरी पहुंचे, जहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़िता के परिजनों से घर जाकर मुलाकात की। इसके बाद संबलपुर चौकी में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसपी रामकृष्ण साहू, एएसपी ज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की, विनय कुमार सहित विशेष जांच दल के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में आईजी ने कहा कि अब और कोई चूक नहीं होगी, गिरफ्तारी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए।

### जनआक्रोश थमा नहीं है आंदोलन की चेतावनी दी

आरोपी की गिरफ्तारी में देरी से समाज में भारी असंतोष है। 20 मई को लोधी समाज और सर्व समाज के आह्वान पर चौकी संबलपुर का घेराव किया गया था। आंदोलन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, पूर्व विधायक गुरदयाल सिंह बंजारे समेत कई नेता शामिल हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी थी कि अगर जल्द तक गिरफ्तारी नहीं होती है, तो जिलेभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### समाज जवाब चाहती है और बेटी के लिए न्याय

सवाल यही है कि जहां एक ओर सरकार और पुलिस बेटियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर चार माह बीतने के बाद भी एक नामजद आरोपी फरार है। क्या इस मामले में पुलिस की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है? या फिर किसी प्रभावशाली हस्तक्षेप की वजह से गिरफ्तारी टल रही है? समाज जवाब चाहता है और बेटी के लिए न्याय।

# एआरओ व मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण में मतदान केंद्रों के सत्यापन के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के अंतर्गत जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एआरओ) एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन से जुड़े समस्त कार्य अत्यंत जिम्मेदारी और गंभीरता से समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी 2 जुलाई बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण भी विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसकी समुचित तैयारी अभी से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री शर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व जिले के सभी मतदान केन्द्रों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन कर लिया जाए तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया भी समय-सीमा में पूर्ण की जाए। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने नामावली पुनरीक्षण की प्रक्रिया, आवश्यक फॉर्म, समय- सीमा, और डाटा प्रविष्टि से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

- कलेक्टर ने दिया प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का संदेश

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश कुमार भारद्वाज, तहसीलदारगण, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रति सजग एवं सक्षम बनाना था, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके ।

# डान योजना के तहत यूनिट टीम ने किया नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित डान योजना का सम्पूर्ण बेमेतरा जिले में यूनिट द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्राधिकरण एवं अन्य विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत चाईल्ड लाइन विभाग और अधिकार मित्रों की संयुक्त टीम द्वारा प्रचार-प्रसार की जानकारी के समय जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड मे एक 15 वर्षीय बालक बीड़ी का नशा सेवन करते हुए पाया गया। उस बालक को नशे की लत छुड़वाने एवं नशे से होने वाली गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े रोग आदि से बचने की संबंधित जानकारी दी गई। उक्त बालक द्वारा गंभीर बीमारी की जानकारी से अवगत होने के पश्चात भविष्य में नशा ना करने का संकल्प लिया। इस दौरान बालक अपने परिजनों को नशे का सेवन करने की घटना की जानकारी ना बताने निवेदन किया। जिस पर टीम ने दुबारा नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा यूनिट टीम ने उक्त स्थान मे उपस्थित नागरिकों को भी नशे के प्रकार एवं उनसे होने वाले दुष्प्रभाव अवगत कराया।

### 60 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अस्पताल का प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर बनाने का झांसा देकर 60 लाख रुपए का ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि विनिता गुप्ता की पहचान रंगारेड्डी हैदराबाद तेलंगाना निवासी सिद्धार्थ गौडा से वर्ष 2023 में हुई थी। तब सिद्धार्थ गौडा नये अस्पताल प्रोजेक्ट को हैदराबाद में लॉंच करने का झांसा देकर महिला को भरोसे में लिया था। विनिता को प्रोजेक्ट में डायरेक्टर बनाने के नाम पर 60 लाख रूपये इंवेस्ट कराया। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड लेकर हैदराबाद से दुर्ग न्यायालय में पेश किया।

# नपं विकास के लिए 6 करोड़ का प्रस्ताव डॉ. रमन को सौंपा



**साजा।** नगर पंचायत विकास के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी को 6 करोड़ के प्रस्ताव का निवेदन

साजा नगर पंचायत के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए, नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा शौर्यजीत सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को 6 करोड़ की राशि हेतु आवेदन सौंपा गया। यह प्रस्ताव नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न आवश्यक विकास कार्यों की सूची के आधार पर तैयार किया गया है। इस अवसर पर श्रीमती प्रेरणा शौर्यजीत सिंह ने कहा कि नगर के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं नगर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने हेतु यह निधि अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने डॉ. रमन सिंह जी से निवेदन किया कि नगर के समुचित विकास हेतु इस प्रस्ताव को यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

## पीएचई विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

# घर-घर में पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करें : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बुधवार को नगर के पेयजल संकट की स्थिति को लेकर पीएचई विभाग के अधिकारियों और नल ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जल आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि नगर पालिका की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को स्वच्छता और जल जैसी मूलभूत सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। कुछ वार्डों में पाइपलाइन विस्तार की आवश्यकता है, जिसे जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर में जलस्तर सामान्य है, फिर भी जल संकट से बचाव के लिए पहले से सतर्क रहना जरूरी है। साथ ही यह भी जरूरी है कि नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। /"जल है तो कल है, इस भावना के साथ काम करना होगा,/" उन्होंने कहा। नल ऑपरेटरों को निर्देश देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि तय समय पर नल खोलें और बंद करें, ताकि नागरिकों को जल संकट की शिकायत का अवसर न मिले। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कहीं भी जल का अपव्यय न हो। इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी, गौरव साहू, रीता पांडेय, टोमेश्वर साहू, विकास तंबोली, पीएचई विभाग के अधिकारी संतोष कुमार नायक, योगेश सिन्हा, नगर पालिका अधिकारी कोमल सिंह ठाकुर सहित सभी नल ऑपरेटर उपस्थित थे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया गया त्रैमासिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम- वीवीपैट वेयरहाउस का माह त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण बुधवार प्रातः 11 बजे संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, ताले एवं सील की स्थिति, रिकॉर्ड पंजी तथा प्रवेश-निकास प्रक्रिया की बारीकी से जांच की गई। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्वाचन प्रक्रिया में ईवीएम और वीवीपैट की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए वेयरहाउस की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश भारद्वाज,जिला कोषालय अधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में सहभागिता करते हुए वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि प्रत्येक तिमाही में इस प्रकार का आंतरिक निरीक्षण करना आवश्यक है ताकि पारदर्शिता एवं निर्वाचन की विश्वसनीयता बनी रहे। निरीक्षण प्रक्रिया शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।

# पीएम आवास का सपना पूरा करने 94 हजार हितग्राहियों ने लगाई अर्जी

## हितग्राही अब 26 जून 2024 तक कर सकेगें सर्वे, समय-सीमा में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला प्रशासन द्वारा अप्रैल से अब तक चलाए गए मोर द्वार साय सरकार अभियान में जिले से 94 हजार से अधिक लोगों ने आवास बनाने की डिमांड की है। इस अभियान के जरिए करीब 14 हजार लोगों ने खुद से मोबाइल में आवेदन किया है। इस अभियान को राज्य शासन द्वारा अब 26 जून तक कर दिया गया है। जिससे आवास योजना से वंचित भी भाग ले सकेगें।

प्रधानमंत्री आवास योजना के 2.0 आवास का सर्वेक्षण कार्यक्रम कार्य पुन मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग कर चलाया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि, जिला दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कुल 94787 हितग्राहियों का सर्वे का कार्य किया जा चुका है। जिसमें सहायता प्राप्त सर्वे के द्वारा 80673 एवं हितग्राहियों द्वारा 14114 का स्वयं सर्वे किया गया है। शासन द्वारा सर्वे में 15 मई 2024 तक सर्वे कार्य किया गया। जिसमें छूटे हुए सर्वे के लिए एक और अवसर शासन द्वारा प्राप्त हुआ हैं, समय सीमा बढाकर 26 जून 2024 तक आवास प्लस 2024 मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए परिवारो की पहचान हेतु सर्वेक्षण कर सकते है।

### जनपदवार इस तरह सामने आई डिमांड

जनपद पंचायत दुर्ग में कुल हितग्राहियों का 24867 का सर्वे किया जा चुका है। जिसमें सहायता प्राप्त सर्वे 19697 एवं हितग्राहियों द्वारा 19697 का स्वयं सर्वे किया गया है। धमधा में 35706 का सर्वे किया जा चुका है। जिसमें 32829 एवं हितग्राहियों द्वारा 2877 का स्वयं सर्वे किया गया है। पाटन में कुल हितग्राहियों का 34214 का सर्वे किया जा चुका है। जिसमें सहायता प्राप्त सर्वे 28147 एवं हितग्राहियों द्वारा 6067 का स्वयं सर्वे किया गया है।



### मौका मिला

राज्य शासन द्वारा आगामी 26 जून तक आवेदन करने मोहलत बढा दी गई है। हितग्राही पीएम आवास के साइड में जाकर खुद भी आवेदन कर सकते है। -बजरंग दुबे, सीईओ दुर्ग

### वर्ष 2016 से मिले 22 हजार को पक्का मकान

वर्ष 2016 के बाद से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22824 हितग्राहियों को पक्का मकान मिल चुका है। वही वर्ष 2024 में केन्द्र सरकार द्वारा पीएम 2 के तहत एक अप्रैल को नए सिरे से सर्वे कराया गया था। विगत तीस अप्रैल तक किए गए सर्वे में करीब 74085 आवासों का सर्वे ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा किया गया था, वहीं 13558 लोगों ने वेबसाइड के जरिए सेल्फ सर्वे किया था। इन आवेदनों को लेकर अब जिलेभर में भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बहरहाल 17 जून तक 94787 आवेदन आ चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### महापौर से शहर की समस्या दूर करने की मांग

दुर्ग। समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा दुर्ग निगम के महापौर अल्का वाघमार से कॉलोनी में व्याप्त अव्यवस्थाओं के निराकरण हेतु निवेदन किया गया। जिसमें नाली संधारण, मकानों की जर्जरता व पेयजल, स्ट्रीट लाइट व बढ़ते अपराधों से सुरक्षा जैसे आवश्यक विषयों संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। महापौर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया शासन से राशि स्वीकृत होने पर त्वरित कार्य प्रारंभ किया जाएगा। ज्ञात हो कि हंसराज नवयुवक मंडल संगठन को गत दिनों रायपुर की मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित भी किया गया। जिसमें पद्मश्री फूलबासन यादव व छ.ग. राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा ने भी संगठन के कार्यों की सराहना की।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 20 को

दुर्ग। राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण के लिए जिलास्तर पर प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारियों के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागृह में 20 जून को पूर्वान्ह 11.30 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला में अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में चर्चा की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिलास्तर के सभी जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### प्रकाश सांखला बने कैट दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष

दुर्ग। कैट की दुर्ग जिला इकाई के



अध्यक्ष पद पर प्रकाश सांखला की नियुक्ति की गई है। प्रकाश सांखला दुर्ग सराफ व्यापारी संघ के विगत कई वर्षों से निर्विरोध अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे है। उनके व्यापारिक हितों के लिए सतत संघर्ष, व्यवस्थित संगठन क्षमता और जनसमर्पित दृष्टिकोण को आधार बनाया गया। उनकी नियुक्ति कैट के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक दक्षता तथा जनसंपर्क कुशलता को देखते हुए की गई है। नियुक्ति की अनुशंसा राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीय, राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, अमर पारवानी (सह-राष्ट्रीय चेयरमैन) तथा परमानंद जैन (प्रदेश उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़) द्वारा की गई। इन वरिष्ठ नेताओं ने श्री सांखला के नेतृत्व में दुर्ग जिले में कैट की गतिविधियों के विस्तार और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में नई ऊर्जा आने की आशा व्यक्त की है।

## कार्रवाई : पूर्व जनपद अध्यक्ष के निष्कासन का आदेश प्रदेश कार्यालय ने जारी किया

# बागी चुनाव लड़ना पड़ा भारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष सहित पति निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व जनपद दुर्ग की अध्यक्ष रही संतोषी कृष्णा देशमुख को बागी होकर चुनाव लडना भारी पड गया है। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव साय की अनुशंसा पर महामंत्री जगदीश रामू रोहरा के जारी आदेश के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं। इस आदेश के बाद नाराज श्री मति देशमुख ने विधायक ललित चंद्राकर को लेकर भी कई आरोप लगाए है।

दुर्ग जनपद की पूर्व में अध्यक्ष रह चुकी और वर्तमान जनपद सदस्य संतोषी कृष्णा देशमुख को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय से जारी आदेश में पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। यह निष्कासन उनके द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष पद की अधिकृत दावेदार रही कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन जो वर्तमान में जनपद अध्यक्ष हैं। उन्होंने इनके खिलाफ खिलाफ बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ी थी। जिसे लेकर पार्टी हाईकमान ने अनुशासन भंग किए जाने का आधार बताकर बडी कार्यवाही की है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण श्री देव जी के अनुशंसा पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया

### प्रदेश अध्यक्ष को दोबारा विचार करने पूर्व जनपद अध्यक्ष ने लिखा पत्र



#### कहा मेरे पति चालीस साल से समर्पित

पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोषी देशमुख के साथ ही उनके पति कृष्णा देशमुख को भी पार्टी से छः साल के लिए निष्कासित किया गया है। श्री मति देशमुख ने कहा है कि, उनके पति वर्ष 1988 से संघ एवं भाजपा से जुडकर पिछले चालीस साल तक काम किया है। वे जनपद में उपाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। उनको भी पार्टी से अपनी पत्नी को बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़वाने के आरोप में निष्कासित कर दिया है।



#### अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ उतरे थे मैदान पर

वर्ष 2025 में हुए जनपद अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारकर संतोषी देशमुख के पक्ष में समर्थन जाहिर किया था। कांटे के मुकाबले में बाजी भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी कुलेश्वरी देवांगन के हाथ लगी थी। इस बीच उपाध्यक्ष का पद कांग्रेस के खेमे में आ गया था। भारतीय जनपा पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के दौरान तत्काल ऐसे बागी के उपर कार्यवाही की गई थी। लेकिन पंचायत चुनाव में काफी देरी से आदेश जारी किया गया।

#### विधायक पर लगाए कई आरोप

पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोषी कृष्णा देशमुख ने इस कार्यवाही को द्वेषपूर्ण तरीके से किए जाने की बात कहकर इस आशय का पत्र प्रदेशाध्यक्ष किरण देव साय को लिखा है। जिसमें उन्होने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को लेकर कहा है कि, मै जो तय करूंगा वह संगठन का आदेश होगा। अवमानना बर्दाश्त नही किया जाएगा। उनके अनुसार विधायक ने कहा कि संतोषी कृष्णा देशमुख और संगीता माखन साहू दोनो को सदस्य रहने नही दूंगा। उन्होने कहा इन सभी घटनाक्रम से विधायक की कुण्ठित मानसिकता को प्रमाणित करता है।

## चालान काटने पर नाराज बजरंग दल ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खडी वाहन पर यातयात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही किए जाने से नाराज बजरंग दल ने चक्काजाम कर दिया था।

- कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक के पास किया चक्काजाम समझाईश के बाद हटे

करीब दस मिनट तक पटेल चौक के पास बजरंगदल के कार्यकर्ताओ ने चक्काजाम किया। दुर्ग जिला संयोजक छग प्रांत सौरभ देवांगन ने कहा कि, तीन दिन पहले कार्यकर्ता सुनील वैष्णव के वाहन पर आठ सौ रूपए की चालानी कार्यवाही की गई थी, वही मंगलवार को दूसरी बार पुराना बस स्टैंड, जो पार्किंग की जगह है।

वहां खडे वाहन पर ढाई हजार रूपए की चालानी कार्यवाही यातायात विभाग ने की है। जिसे लेकर विरोध किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि, विभाग एक ही कार्यकर्ता पर द्वेषपूर्वक कार्यवाही कर रही है। पुलिस जवानों की समझाईश के दस मिनट बाद आंदोलन समाप्त कर दिया।

## रायपुर नाका मुक्तिधाम का हो रहा उन्नयन व सुंदरीकरण कार्य, महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड 60 रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण महापौर अलका बाघमार ने पार्षद सहित लोक कर्म प्रभारी देवनारायण

- बाउंड्रीवाल के चारों ओर पौधरोपण के दिए निर्देश



चन्द्राकर के साथ मौके पर उपस्थित ठेकेदार को जल्द ही कार्यों को पूरा करने कहा गया। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम क्षेत्र स्थल पर बाउंड्रीवाल के किनारे-किनारे चारों तरफ छायादार पौधरोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम में बेहतर साफ-सफ़ाई करने, गाजर घास को काटने के लिए भी निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, देवनारायण तांडी, अरुण सिंह,, शिवेंद्र परिहार, रंजिता पाटिल, निखिल खिचारिया, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू के अलावा ठेकेदार उपस्थित रहे।

वार्ड में प्रतीक्षा शेड व दाह संस्कार के लिए शेड मरम्मत का निर्माण किया जाना है यह कार्य प्रगति पर हैं। इस कार्य के लिए 24 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह मुक्तिधाम के भीतर शेड, नल कनेक्शन, पुराने मंच की रिपेयरिंग करते हुए चारों ओर छायादार वृक्ष लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने बताया कि मुक्तिधाम में आने वाले शोकाकुल परिवारों के नहाने के लिए उचित व्यवस्था करते हुए स्नान स्थल, पीने की पानी की व्यवस्था, पाइप लाइन व्यवस्था, भवन मरम्मत सहित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 20 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट केम्प में विक्विन्स कंसलटेन्ट प्राइवेट लिमि के कुल 23 रिक्त पदों हेतु एवं कलर्स चिल्ड्रन हॉस्पिटल दुर्ग के 20 पदों कुल 43 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें प्रमोटर्स के 23 पद एवं स्टाफ नर्स के 20 पद शामिल हैं। 10वीं, 12वीं, व्हीटीपी, एनएमजी, एनएम, बीएससी नर्सिंग, डिप्लोमा शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण, अंकसूची, पहचानपत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, आदि दस्तावेजों के साथ कैंप में हिस्सा ले सकते हैं।

## ज़िले में धान की बुवाई शुरू, डीएपी खाद की किल्लत से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही किसानों ने धान की बुवाई का कार्य आरंभ कर दिया है। दुर्ग ज़िले के कई गांवों में किसान खेतों में जुट चुके हैं, लेकिन इस बार डीएपी खाद की किल्लत ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है।

- खाद के लिए लंबी कतारों में लगकर खाली वापस

किसानों का कहना है कि, समय पर बुवाई के लिए डीएपी खाद की ज़रूरत होती है। लेकिन समितियों और दुकानों में इसकी उपलब्धता कम है। कई स्थानों पर किसान लंबी कतारों में खड़े होकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। इससे उनकी लागत बढ़ने की आशंका है और समय पर रोपाई प्रभावित हो सकती है। दुर्ग ग्रामीण नंदिनी, पाटन, धमधा और आसपास के इलाकों के किसान बताते हैं कि, उन्हें दो-दो दिन खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। कुछ निजी दुकानों में डीएपी मिल भी रहा है, लेकिन वहाँ कीमतें बहुत अधिक हैं। इस संबंध में कृषि विभाग का कहना है कि डीएपी खाद की आपूर्ति के लिए शासन स्तर पर प्रयास जारी हैं और जल्द ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी।



### एनपीके की भी समस्या बरकरार

जिले में डीएपी के आलावा विकल्प के तौर पर एनपीके खाद की भी किल्लत बनी हुई हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि, जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ताकि धान की खेती पर इसका असर न पड़े। जहाँ एक ओर किसान खेती के लिए मेहनत कर रहे हैं, वहीं डीएपी खाद की कमी उनकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। समय रहते इस समस्या का समाधान न किया गया तो आने वाले समय में उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

## होर्डिंग और पोस्टर की बढ़ी चोरियां, रोक लगाने महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के चौक चौराहों में लगे बधाई, शुभकामनाओं होर्डिंग, फ्लैक्स व पोस्टर की लगातार चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की की मांग महापौर अलका बाघमार से की गई। महापौर ने चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लगने वाले होर्डिंग, फ्लैक्स की चोरी लगातार बढ़ती जा रही है जिसकी शिकायत मिली है। बैठक में महापौर अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों को होर्डिंग व पोस्टर, फ्लैक्स की सुरक्षा व चोरी की शिकायत के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करें। बीते कुछ दिनों से नगर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्ग व नगर निगम गौरव पथ के विद्युत पोल व निर्धारित स्थलों में लगे बधाई फ्लैक्स, पोस्टर लगातार चोरी हो रहे हैं। जिसे रोकने के लिए महापौर ने कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए है।

## संभाग आयुक्त ने कहा- नशे के खिलाफ स्कूल और कॉलेज के आसपास चलाएं अभियान

दुर्ग। संभागआयुक्त एस.एन. राठौर ने संभाग के जिलों की बैठक ली।

- जिले के अधिकारियों की कमिश्नर ने ली बैठक

जिसमें उन्होने सभी जिलों के शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री और लोगों में नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना के अनुरूप एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाने निर्देश दिए। कमिश्नर ने गिरते जल-स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को पानी बचाने हेतु शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत वार आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने बताया कि संभाग के अंतर्गत बेमेतरा जिले में ग्राम पंचायत वार लोगो ने पानी बचाने के लिए एक मत होकर प्रस्ताव जिला प्रशासन को सौंपा है। उसी का अनुकरण करते हुए संभाग के अन्य जिलों में पीएचई विभाग के माध्यम से यह पहल की जाएं। संभाग आयुक्त ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से समन्वय कर ग्राम पंचायतों में पानी बचाने हेतु ग्रामीणों से प्रस्ताव व पहल कराने निर्देशित किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को स्टॉप डैम, एनीकट आदि की जानकारी ली। साथ ही नदी नालों एवं आस-पास के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए समय पर पानी रोकने के प्रबंध सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202506230300027/ 218/ अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर मटका तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मनीष कुमार गिलड़ा पिता रानीदान गिलड़ा निवासी वार्ड नं. 09 बेमेतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर मटका प.ह.नं. 36 तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा में स्थितं उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 196/2, 199/2, 200/4 रकबा क्रमशः 0.70, 0.21, 0.04 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27.06.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) बेमेतरा

## कलेक्टर ने दिए तैयारियों के निर्देश, स्कूल में किया जाएगा

# खालसा स्कूल परिसर में मनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन दुर्ग स्थित खालसा स्कूल परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 को लेकर खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया कि, धान उपार्जन के लिए पीडीएस बारदाना के सुरक्षित भंडारण हेतु ग्राम पंचायतों में यदि संभव हो तो सामुदायिक भवन चिन्हित किया जाएं। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में तत्काल भर्ती करने व नियुक्तियों को लेकर गड़बड़ी की शिकायतें आई हैं, वहां तत्काल जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होने कहा लोक निर्माण विभाग को बरसात शुरू होने से पहले जिले की खराब सड़कों और गड्ढ़ों की मरम्मत शीघ्र पूरी की जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि, विद्यार्थियों के स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र बनाकर समय पर स्कूलों में वितरित किए जाएं। साथ ही छात्रों के आधार कार्ड में आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट कराने की प्रक्रिया शीघ्र की जाए। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव पर स्कूल परिसरों में पौधरोपण करने को कहा गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और छात्र सहभागिता को प्रोत्साहन मिले।



### रविशंकर नहीं खालसा में होगा आयोजन

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में बदलाव की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बारिश की आशंका को देखते हुए अब यह आयोजन पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम के स्थान पर खालसा स्कूल परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारियों, योग गुरुओं और योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

**पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग**
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

**जी.एन.एम. नर्सिंग**
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



**रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### कोदूराम महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जुलाई से

**नवागढ़।** पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ के अधीन नवागढ़ स्थित शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय में संचालित अध्ययन केंद्र में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकेगा। एसटी व एससी, आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना उपलब्ध है, जिससे वे कम खर्च में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। अध्ययन केंद्र प्रभारी अजीत सनम ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा स्तर के कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। प्रमुख पाठ्यक्रमः बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.बी.ए., एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी, समाजशास्त्र, राजनीति, गणित), एम.कॉम., एम.एस.सी., एम.बी.ए., डीसीए, पीजीडीसीए, योग विज्ञान, जीएसटी और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसे डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। श्री सनम ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ समय पर आवेदन करना अनिवार्य होगा।

### अमानत में खयानत करने वाले दो आरोपी पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** अमानत में ख्यानत करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मिलन चौक न्यू खुर्सीपार निवासी नीरज कुमार द्वारा नृदेव वायर वर्ल्ड प्राईवेट लिमि भीलवाडा राजस्थान कंपनी के डायरेक्टरो ने वायर रॉड मॉल लेकर 63 लाख 74 हजार 640 रूपये न देकर अमानत में ख्यानत किया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पानीकर ने टीम को राजस्थान भीलवाडा रवाना किया। टावर लोकेशन के आधार पर आसिंद रोड शंभूगढ थाना शंभूगढ जिला भीलवाडा राजस्थान निवासी ऋर्षिराज शर्मा, वार्ड 4, नसीराबाद थाना नसीराबाद जिला अजमेर राजस्थान से अबुंल महावर को जिला चितौड से गिरफ्तार किया गया।

### स्कूलों की अव्यवस्था पर देवेंद्र ने उठाए सवाल

**भिलाई।** सरकारी स्कूलों की अव्यवस्था को लेकर विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर कितना सजग और गंभीर है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरी गर्मी की छुटटी बीत गई, लेकिन बड़े-बड़े वादे करने वाली ये सरकार जर्जर स्कूल भवनों का संधारण तो दूर रंगरोंगन तक नहीं करा पाई। बिना तैयारी के स्कूल खोले गए हैं। शिक्षकों का आंदोलन देखने को मिला। पहले दिन शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंचे। सरकार के विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ विरोध जताया। स्कूली सेटअप से किए गए छेड़छाड़ से शिक्षकों के 46000 पद समाप्त होने से शिक्षक संघ तो नाराज है ही बीएडी, डीएड की डिप्लोमा करने वाले हजारों युवा भी नाराज हैं।

## आयोजन : पांचवीं के मेधावी छात्र-छात्रों का किया गया सम्मान

# बच्चों के हाथों पौधारोपण करके मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा में बडे. ही उत्साह के साथ मना प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरधारी निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत खपरी धोबी, विशिष्ट अतिथि के रूप मे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिरझु पटेल व मिथुन पटेल व समस्त पंचगण व पालकगण उपस्थित थे। सबसे पहले नन्हें बच्चों के हाथों वृक्षारोपण कराया गया।

तत्पश्चात मां सरस्वती की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई, नन्हें बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, सभी नन्हें बच्चों का मुंह मीठा कराया गया, उन्हें गणवेश वितरण किया गया सभी मंच पर विराजमान सरपंच व पालकों ने एक एक गुब्बारे दिये, बच्चे गुब्बारे पाकर बहुत खुश हुऐ। प्रवेश उत्सव के साथ ही कक्षा पांचवी उत्तीर्ण बच्चों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया, विद्यालय में प्रथम स्थान पर साक्षी निर्मल कर 90.50% व दुसरे स्थान पर लक्ष्य निर्मल कर 88% पांचवी कक्षा में प्रथम व द्वितीय रहे बच्चों को व्यवसायी मुकेश जैन साजा के द्वारा 1051रूपये-1051रूपये का प्रोत्साहन राशि साक्षी निर्मल कर व लक्ष्य निर्मलकर को दिया गया ताकि बच्चे आगे कक्षा की पढ़ाई करे और अपने लिए कापी पेन बैग जुता मोजा पढ़ाई का अन्य सामान खरीद सके और आगे की पढ़ाई बहुत अच्छे से करे।

### गुरुओं को सदैव दें सम्मान

उद्बोधन की कड़ी मे मुख्य अतिथि सरपंच गिरधारी निर्मल कर ने कहा सभी नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत और अभिनन्दन है, प्रधान पाठक धनेश रजक सहित आदरणीय सभी गुरूजनो का धन्यवाद करता हूँ कि मुझे इस प्रवेश उत्सव मे मुख्य अतिथि बनाये, बच्चों से मिलकर स्कूल के इस कार्यक्रम मे आकर बहुत ही अच्छा लगा,अब हमारा स्कूल बहुत अच्छा लगता है, और कहा मै विद्यालय को 1000 लीटर का नया टंकी दूंगा। जिससे बच्चों को पानी के लिए भटकना न पड़े, असुविधा न,हो उद्बोधन की कड़ी मे प्रधान पाठक धनेश रजक ने सभी नन्हे बच्चों को आशीर्वाद देते हुए, प्रधान पाठक रजक ने मुकेश जैन साजा को मंच से धन्यवाद कहा और कहा कि मुकेश जैन बच्चों का उत्साह वर्धन किया इससे और बच्चे मे अच्छा करने का सम्मान प्राप्त करने का भाव जगेगा, और सरपंच महोदय को नेवता भोज के लिए धन्यवाद कहा। स्वागत आभार गीत के साथ कार्य क्रम की समापन हुई तत्पश्चात सभी अतिथि व बच्चे खीर पुड़ी चना आलु मटर की सब्जी नेवता भोज से ग्रहण किये। प्रवेश उत्सव को रूखमणी सेन, विजय लक्ष्मी रावत, तारकेश्वर निर्मल कर, थुकेल राम तारम सभी शिक्षक शिक्षिका व समस्त पालक व नन्हे मुन्ने प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

## रानो स्कूल में मनाया गया प्रवेशो उत्सव




**बेमेतरा।** साजा विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में शाला प्रवेशोत्सव बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का तिलक लगाकर आरती उतारी गई तथा केक काटकर मुँह मीठा कराया गया।

नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने सभी बच्चों को उपहार स्वरुप हैंकी एवं पेन प्रदान किया। जिससे सभी बच्चे बहुत ही ख़ुश हुए। ग्रीष्म अवकाश के बाद शाला खुलने से बच्चों में अलग ही उमंग एवं उत्साह है। बच्चे उमंग और पूरे उत्साह के साथ शाला पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामलाल वर्मा, संकुल प्राचार्य एवं प्रभारी द्वारिका राम वर्मा, संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु, प्रधान पाठक किशुन राम साहू, समिति के अध्यक्ष मंशाराम साहू, उपाध्यक्ष गोपाल साहू एवं अन्य सदस्य गण तथा संस्था से अवधराम वर्मा, कनकलता सरसुधे एवं प्रतीक जैन तथा सभी बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी बच्चों को केला दिया गया तथा नवप्रवेशी बच्चे मिक्चर, पेड़ा, केक एवं केला का आनन्द लिए।

## फरी शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गणवेश और पाठ्य पुस्तकें बांटीं



**बेमेतरा।** नये शिक्षा सत्र 2025 -26 के पहले दिन भरपूर आनंद और उमंग के साथ शासकीय प्राथमिक शाला फरी में प्रवेश उत्सव मनाया गया. नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष औऱ ग्राम पंचायत फरी के सरपंचके द्वारा तिलक लगाकर मुंह मीठा करा कर, गणवेश और पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया. बच्चों के शत प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य रखकर शिक्षकों ने कार्यक्रम का आयोजन किया. आंगनबाड़ी से प्राप्त सूची के अनुसार 5 बच्चों को प्रवेश दिलाया गया।

संस्था के प्रधान पाठक बजरंग प्रसाद शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करती है जो आज आप सबके सामने हैं इस अवसर को कभी गवाना नहीं. आज से आप सभी अपना एक लक्ष्य तय करके गुरुजनों के सानिध्य में अपने योग्यता बढ़ाये और अपने लक्ष्य की और आगे बढ़े. बच्चों को इस प्रकार स्कूल आते हुए देखकर मन को बड़ा प्रसन्नता मिलता है साथ ही साल भर स्कूल आए उनके माता-पिता इनका विद्या ज्ञान में सहयोग करें, साथ ही साथ समाज के अभिन्न कड़ी के रूप में इनका संरक्षण, पोषण और उनके उज्वल भविष्य के लिए कार्य करें. निश्चित रूप से आने वाले समय में हमारा फरी ग्राम सबसे उन्नत सबसे शिक्षित और जिले के आदर्श ग्राम के रूप में विकसित होगा. मैं चाहता हूं कि यह सभी बच्चे बड़े होकर के गांव का नाम स्कूल का नाम अपने माता-पिता का नाम रोशन करें और साथ ही शाला परिवार को शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं प्रेषित किया. इसी कड़ी में शाला में युक्तियुक्तकारण के माध्यम से नवपदस्थ शिक्षिका स्मिता साहू का शाला में स्वागत किया गया।

शिक्षिका स्मिता साहू ने सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने,लक्ष्य बनाकर पढ़ने, अपने शिक्षक -माता-पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही और, पालकों को भी प्रेरित किया और उन्होंने कहा कि भारत की बगिया के नन्हे पुष्प आने वाले भारत के भाग्य विधाता बनेंगे देश के अन्य क्षेत्रों में उनकी बड़ी भूमिका होगी ऐसी शुभकामनाएं उनकी तरफ से प्रेषित की गई. ग्राम पंचायत फरी के सरपंच ने शाला और गांव की सेवा में सतत लगा रहे स्वच्छता का व्रत अपनाये यही मनोभावना प्रेषित करते हुए उन्होंने सभी शिक्षकों को उत्साह से कार्य करने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षिका रुखमणी साहू , सुनीता वर्मा पालक गण, नागरीक गण और शाला के सभी बच्चे उपस्थित हुए.

## तेलगा शाला में गुलाल, मिठाई व खीर से नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलगा में नव प्रवेशी कक्षा 6वी के बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खीर खिलाकर व गणवेश प्रदान कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश नायक सरपंच ग्राम पंचायत तेलगा विशेष अतिथि रामकुमार सेन उपसरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामानंद निषाद, पंचगण सोभित राम पाटिल, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री पोषन निर्मलकर, ठाकुर राम यदु, बीरबल साहू, प्रधान पाठक व सीएसी किशोर सिन्हा, शिक्षिका ममता टंडन, हेमीन नायक, सुजाता मिश्रा, अर्चना जेकब, एवं प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गणेश शिवारे आदि उपस्थित रहे। सरपंच ने नव प्रवेशी बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप शिक्षा कि बुनियाद आरंभिक कक्षाओं में ही रखी जाती है और यह मजबूत होना चाहिए तभी आगे का जीवन सुगम होता है। शाला में नव आगंतुक शिक्षिकाओं का भी सम्मान करते हुए, उन्हें बच्चो कि पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने एवं उनके सफल व्यक्तित्व निर्माण पर जोर देने हेतु प्रेरित किया। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री पोषण निर्मलकर ने नव प्रवेशी बच्चों के उज्वल भविष्य कि कामना करते हुए, बच्चों को स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर शिक्षा जीवन के लिए जीवन वतन के लिए होने चाहिए, मूल मंत्रो पर चलने का आग्रह किया। शाला प्रबंधन अध्यक्ष रामानंद निषाद ने बच्चों को नियमित स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए आग्रह किया। अंत में कार्यक्रम कि समापन आभार व्यक्त प्रधान पाठक किशोर सिन्हा ने किया।

- तेलगा माध्यमिक शाला के नवप्रवेशित बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरण कर मनाया प्रवेश उत्सव

## लालपुर शाला में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व मिठाई से हुआ स्वागत




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत वंदन करते हुए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, संकुल समन्वयक सतीश कुर्रे एवं शिक्षकगण के द्वारा स्वागत वंदन करते हुए तिलक लगाकर मिठाई खिलाते हुए प्रवेशोत्सव मनाया गया व सभी बच्चों को गणवेश प्रदान किया गया। संकुल समन्वयक मुरता के द्वारा उपस्थित पालकगण के बीच शासकीय योजनाओं के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से परिचित कराया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुमार कुर्रे, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रामायण मनहरे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेंद्र कुमार बंजारे, उपाध्यक्ष आनंद कुर्रे, पालक नेमसिंह कुर्रे, शत्रुहन बर्मन, उमेश चतुर्वेदी, महेश नवरंगे, शिवदयाल कुर्रे, एवं छात्र गण उपस्थित रहे।

## डुबान क्षेत्र में बसे अवैध कब्जेधारियों को निगम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत अवैध कब्जाधारियों को निगम द्वारा हटाने की कार्यवाही की। कोसा नाला सड़क नम्बर 9 दीक्षित कालोनी नाले के किनारे 3 परिवारों द्वारा अवैध कब्जा कर डुबान क्षेत्र में मकान निर्माण कर लिया गया था। डुबान क्षेत्र होने के कारण बारिश के समय दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी, निगम द्वारा तीनो परिवारों को 3 बार नोटिस भी जारी किया गया था, किन्तु उनके द्वारा जगह रिक्त नहीं किया गया। जिसके कारण पूरे कालोनी के 40 परिवार के लोग परेशान थे। स्थानीय नागरिकों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन, टी.एल. में आवेदन देकर उन्हे हटाने की मांग की गई थी। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उन 3 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकान का ऑफर दिया गया था एवं उन्हे सामान शिफ्ट करने की सुविधा दी जा रही थी। किन्तु उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का फार्म भरने व मकान लेने से इंकार कर दिया गया।

## नौ महीने बाद शुरु हुई यूनियन चुनाव की प्रक्रिया

**भिलाई।** देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन मान्यता चुनाव की प्रक्रिया शुरु हो गई है। यूनियनों के चुनाव की मांग पर बीएसपी प्रबंधन ने नौ महीने बाद श्रमिक संगठनों से संबंधित दस्तावेज जमा करने के लिए सर्कुलर जारी कर दिया है।

सीटू यूनियन ने आईआर विभाग को अपने दस्तावेज सौंपकर प्रबंधन से जल्द चुनाव कराने की मांग की है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा यूनियनों को गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करने के संदर्भ में यूनियनों से सहमति पत्र के साथ अन्य आवश्यक संलग्नक और दस्तावेज जमा करने के संदर्भ में आवश्यक पत्र जारी किया है। यूनियनों द्वारा प्राप्त दस्तावेजों पर प्रबंधन उचित कार्यवाही कर उप मुख्य श्रमायुक्त के कार्यालय में भेजा जाएगा। इन दस्तावेजों को प्रबंधन द्वारा प्राप्त पत्र के 15 दिन के भीतर जमा करना है। इस मामले में सीटू ने मंगलवार को यूनियन की सहमति पत्र, विधान की प्रतिलिपियां वार्षिक विवरण की प्रतिलिपियां और यूनियन का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन को सौपा । 23 सितंबर 2024 को पिछली मान्यता यूनियन बीएमएस का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसी दिनसीटू द्वारा महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग को पत्र देकर प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की थी। इसके बाद 4 दिसंबर 2024, 11 जनवरी 2025 और 5 मई को जीएम आईआर के साथ सदस्यता जांच हेतु गुप्त मतदान को लेकर बैठक की किया था l हर बैठक में औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन ने जल्द चुनाव कराने का आश्वासन दिया था ।

## देवकर में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

नगर देवकर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल नगर देवकर में किया गया है।

जिसमे नगर के आम जन को योग की जानकारी के साथ प्रति दिन योगा अभ्यास भी कराया जा रहा है। यह विशेष शिविर 17 से 21जून तक है । इसके बाद पुनः देवकर नगर के आम जनो के लिए सुभाष चौक नगर देवकर में योग प्रशिक्षक बीरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा नियमित रूप से योग का कार्य संचालित होता रहेगा। यह कार्यक्रम आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय देवकर, द्वारा जिला आयुष अधिकारी बेमेतरा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## श्रीराम मंदिर में हनुमान का चालीसा किया सामूहिक पाठ व भव्य भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़





नगर के ऐतिहासिक एवं जनविश्वास से परिपूर्ण श्रीरामकृष्ण मंदिर में मंगलवार को धार्मिक आस्था, सामाजिक समर्पण और मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत आयोजन सम्पन्न हुआ। मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास जी के सान्निध्य एवं व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन की उपस्थिति में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**धार्मिक वातावरण में गूंजे जय बजरंग बली के जयकारेः** भक्तिमय वातावरण में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें नगर के बजरंग दल, गौ सेवक संगठन, स्थानीय श्रद्धालु, युवा वर्ग, मातृशक्ति और वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय बजरंग बली के नारों से गूंज उठा।

महंत श्री सुरेन्द्र दास जी ने इस अवसर पर कहा कि हनुमान चालीसा केवल स्तुति नहीं, यह हमारी आत्मशक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस प्रकार के सामूहिक आयोजन समाज को जोड़ने और पीढ़ियों को संस्कार देने का कार्य करते हैं। आज के कार्यक्रम में युवाओं और बच्चों की भागीदारी यह प्रमाणित करती है कि भक्ति का स्वरूप कालजयी है।

**भक्तों ने भगवान की प्रसादी का लिया लाभ :** समिति द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में विशेष रूप से हलवा, पूड़ी, सब्जी, चावल, दाल और मिष्ठान्न की व्यवस्था की गई थी। भक्तों ने इसे प्रभु का आशीर्वाद मानकर ग्रहण किया।

### हवाई दुर्घटना में दिवंगतों के प्रति संवेदना

हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं ने अहमदाबाद में हाल ही में हुई विमान दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। यह क्षण पूरे परिसर में गंभीरता और संवेदना का भाव लेकर आया, जब सैकड़ों लोग एक साथ आंखें मूंदकर दिवंगत आत्माओं के लिए शांति की प्रार्थना कर रहे थे।

**समापन पर आभारः** मंदिर समिति की ओर से व्यवस्थापक लक्ष्मीचंद जैन ने सभी श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी संगठनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही इस तरह के आयोजन सफल होते हैं। यह मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संस्कार का केंद्र है।

### समाज के सभी वर्गों की रही भागीदारी

इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पुजारी गंगादास, देवेंद्रधर दीवान, रूपप्रकाश यादव, बबलू ताम्रकार, मिंटू बिसेन, जेजी गोस्वामी, कुमार वर्मा, अमित जैन, अरुण बरनवाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, राजा खुराना, कुलजीत टुटेजा, तुष्टिशंकर अनंत, जिनेंद्र वर्मा, प्रियांश मिश्रा, प्रमोद यादव, दिवाकर ठाकुर, रूपेश यादव, विजय सोनी, सूरज तंबोली, पप्पू निषाद, सोम जैन, सागर यादव, अज्जू यादव, आर्यन श्रीवास, सागर शिवांग, आकाश रजक, रमेश यादव, सुमित यादव, वासुदेव यादव, विनायक रजक, नागेश्वर यादव, भुवनेश्वरी वर्मा, हेमलता साहू, हेम्पी साहू, भूमि शर्मा, निशा मराठा, चारु देवांगन, नूतन जायसवाल, मुथु निषाद, सांची जैन, सृष्टि जैन, खुशी, श्रेया, ट्विंकल, राजश्री, श्रद्धा, सीताराम यादव, गुलाब पाल, बबलू ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव सहित अनेकों श्रद्धालु शामिल हुए।

